बाइक चोरी का आरोपी बाइक सहित गिरफ्तार

पानीपत/कौशिक : सीआईए थ्री पुलिस की टीम ने सज्जन चौक पर चोरी की बाइक सहित एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान जुलफान पुत्र नूर हसन निवासी नारायणा समालखा पानीपत के रूप में हुई है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर अंकित ने बताया कि आरोपी से पूछताछ में खुलासा हुआ उसने शार्टकट तरीके से पैसे कमाने की चाहत में बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा बाइक बरामद कर पुलिस टीम ने आरोपी जुलफान को आज न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

प्रापर्टी डीलर के दफ्तर में फायरिंग का आरोप

कुश्ती में स्वर्ण पदक विजेता और उसका सहयोगी गिरफ्तार

नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज

दिल्ली पुलिस ने मोहन गार्डन इलाके में एक प्रापर्टी डीलर के कार्यालय में कथित रूप से फायरिंग करने के आरोप में राष्ट्रीय कुश्ती में स्वर्ण पदक विजेता और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आरोपियों की पहचान सोनीपत जिले के निवासी अंकुर और हरियाणा के झज्जर निवासी ऋतिक उर्फ पीटर बाबा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, बुधवार को सूचना मिली थी कि ऋतिक बापरोला विहार आने वाला है, जिसके बाद पीर बाबा मजार के पास जाल बिछाया गया और उसे

पकड़ लिया गया। द्वारका के डीसीपी एम हर्षवर्धन ने कहा, ऋतिक उर्फ पीटर के कहने पर अंकुर को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों आरोपियों ने कबूल किया कि 20 फरवरी को उन्होंने मोहन गार्डन इलाके में एक प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय में वर्तमान में जेल में बंद एक अपराधी के निर्देश पर फायरिंग की थी। दोनों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि 2021 में ऋतिक ने अंकुर व अन्य साथियों के साथ सोनीपत के राय गांव से एक बाइक लूटी थी। डीसीपी ने आगे कहा कि अंकुर 2013-14 की राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में कुश्ती में स्वर्ण पदक विजेता है। वह 2013 में मंगोलिया में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप में भी भारत के लिए खेला था। बाद में वह ड्रग्स के इंजेक्शन लेने लगा और बुरी संगत में भी पड़ गया। इसके अलावा वह बाइक-जैकिंग और आर्म्स एक्ट मामले में शामिल रहा है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से दो पिस्टल व चार गोलियां भी बरामद की हैं।

छह महीने में भरे जाएंगे सरकारी खाली पद : वीके सक्सेना

नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को कहा कि छह महीने के अंदर दिल्ली में रिक्त सभी सरकारी पदों को भर लिया जाएगा ताकि लोगों को मिलने वाली सुविधाओं को विश्वस्तरीय बनाया जा सके। सक्सेना ने आज यहाँ दिल्ली के नवनियुक्त सरकारी कर्मचारियों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में कहा कि सभी रिक्त पदों को छह महीने के अंदर भर दिया जाएगा। इस संबंध में इम्तिहान कराने वाले दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) और संघ लोक सेवा आयोग(यूपीएससी) को निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि ख़ाली पदों को जल्द से जल्द भरने के लिए वह स्वयं इसकी निगरानी करते हैं। उपराज्यपाल ने कहा कि सरकारी रिक्त पदों पर स्थाई भर्ती में आने वाली अड़चनों को दूर कर लिया गया है। इसलिए भर्ती प्रक्रिया को जल्द पूरा किया जाएगा। उपराज्यपाल ने कहा कि यह नियुक्ति पत्र सेवा करने का अवसर है। सरकारी नौकरी केवल जीवन यापन का साधन नही है,बल्कि लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाने का कार्य है। श्री सक्सेना ने कहा कि उपराज्यपाल का पद संभालने के बाद जब वह पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले थे तब उन्होंने कहा था कि सरकारी पदों को भरा जाए ताकि युवाओं को रोजगार मिले। उन्होंने कहा कि वह उसी दिशा में काम कर रहे हैं। श्री सक्सेना ने कहा कि पिछले आठ महीने में 7873 लोगों को सिर्फ़ शिक्षा विभाग में सरकारी नौकरियां दी गईं जबकि अन्य विभागों को मिलकर बारह हज़ार लोगों को नौकरियां दी गईं। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि एडहॉक और अनुबंध पर काम करने की प्रथा समाप्त किया जाए और इसके स्थान पर सभी नियमित कर्मचारी लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि अनुबंध पर काम करने वाले कर्मचारी अपनी नौकरी को लेकर चिंतित रहते हैं, इसलिए वे अपने कार्य का 100 प्रतिशत नही दे पाते हैं। एडहॉक कल्चर को ख़त्म किया जाना चाहिये। इससे न केवल कर्मचारियों के हितों की रक्षा होगी बल्कि सरकार को योग्य लोग मिलेंगे। इस अवसर पर दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार, डीएसएसएसबी के चेयरमैन सुरबीर सिंह, एनडीएमसी के चेयरमैन अमित यादव और अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद थे।

बजट में मुख्यमंत्री ने हर वर्ग के हितों का रखा ध्यान : जगमोहन आनंद

करनाल/आशुतोष गौतम

मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का अमृतकाल में वर्ष 2023-24 के लिए बजट पेश करने के लिए आभार जताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश के बहुमुखी विकास के लिए पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार के बजट में 11.6 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 1 लाख 83 हजार 950 करोड़ रुपये का बजट पेश किया है और प्रदेश में इस अवधि के दौरान कोई भी नया कर न लगाना मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच को दर्शाता है। बजट हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए पेश किया गया है। मौजूदा बजट में मुख्यमंत्री ने सतत विकास लक्ष्य विजन 2030 के अनुसार राज्य के विकास के लिए प्रतिबद्धता को भी प्रकट किया है। मीडिया कोर्डिनेटर ने कहा कि आने वाले वित्त वर्ष में हरियाणा में सड़क व रेल तंत्र और मजबूत होगा इसके लिए प्रदेश सरकार ने वर्तमान बजट में इस वर्ष के अंत तक प्रदेश की सभी क्षतिग्रस्त सड़कों की मुरम्मत करने का प्रावधान किया है। यही नहीं वर्ष 2023-24 के दौरान रेल तंत्र में भी बड़ा सुधार देखने को मिलेगा और 36 नए आर.ओ.बी. और आर.यू.बी. बनाए जाएंगे। लगभग 214.93 करोड़ की लागत से दिल्ली-आगरा एलिवेटिड रोड (एन.एच.-19)और दिल्ली-वड़ोदरा एक्सप्रेसवे वाया बल्लभगढ़-मोहना रोड के बीच बल्लभगढ़ शहर में एक एलिवेटिड सड़क के निर्माण तथा 723 करोड़ रुपये की लागत से हिसार एलिवेटिड रोड का निर्माण भी सरकार की प्राथमिकता है। बजट में परिवहन तंत्र को भी मजबूत करने का प्रावधान किया गया है। आने वाले समय में प्रदेश की जनता को 1000 मानक डीजल बसें, 150 एसी बसें और 125 मिनी बसें उपलब्ध होंगी। हरियाणा सरकार का लक्ष्य रोडवेज के बेड़े की संख्या 4500 से 5300 करना है। सभी जिलों में हरियाणा ई-टिकटिंग शुरू करने का भी बजट में प्रावधान किया गया है। पहले चरण में ई-टिकटिंग छः जिलों में पायलट आधार पर शुरू की गई थी और 31 मार्च तक सभी जिलों में लागू की जाएगी।

श्याम जाजू के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट हटाएं आप नेता : दिल्ली हाईकोर्ट

नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज : दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह, दुर्गेश पाठक, सौरभ भारद्वाज और दिलीप कुमार पांडेय को भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष श्याम जाजू और उनके बेटे के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट हटाने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति नवीन चावला की एकल-न्यायाधीश की पीठ जाजू द्वारा दायर एक मानहानि के मुकदमे की सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि आप नेताओं ने 22 जनवरी को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि दिल्ली बीजेपी नेता आदेश गुप्ता और जाजू के बेटे ने मजबूत सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी के जरिए अवैध कमाई की है। न्यायमूर्ति नवीन चावला की एकल-न्यायाधीश की पीठ ने एक अंतरिम आदेश पारित करते हुए आप नेताओं को इस मामले से संबंधित सोशल मीडिया पर सभी पोस्ट हटाने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्टया अंतरिम राहत देने का मामला बनता है। आदेश में कहा गया है: प्रतिवादियों को 2 दिनों के भीतर वादी से संबंधित अपमानजनक पोस्ट को हटाने का निर्देश दिया जाता है, ऐसा न करने पर प्रतिवादी को नोटिस जारी किया जाएगा। प्रतिवादियों को आगे निर्देशित किया जाता है कि वे अभियोगी के खिलाफ किसी भी अपमानजनक कंटेंट को प्रकाशित या प्रसारित करने से खुद को रोकें। जाजू ने पहले आप नेताओं को एक कानूनी नोटिस भेजा था जिसमें उनसे अपने बेटे के खिलाफ लगाए गए आरोपों को वापस लेने और सोशल मीडिया के सभी संदर्भों को हटाने को कहा था।

सुभाष चन्द्र बने करनाल एससी मोर्चे के प्रभारी

करनाल/डा. हरीश चावला

स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन को जिला एससी मोर्चा प्रभारी नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर सुभाष चन्द्र ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड़, मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य सभा सांसद कृष्ण पंवार,प्रदेश महामंत्री एडवोकेट वेदपाल, जिला प्रभारी दीपक शर्मा व अध्यक्ष योगेंद्र राणा का आभार प्रकट किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि पार्टी नेतृत्व ने जो जिम्मेवारी उन्हें दी है वे उसे पूरी ईमानदारी से पार्टी हित में निभाएंगे। पार्टी की नीतियों को जन-जन तक विशेष कर वंचित व अनुसूचित समाज तक पहुंचाएंगे। संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अंतोदय के उत्थान के लिए जो योजनाएं व कल्याणकारी नीतियां बनाई है उनका प्रचार प्रसार करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ के कुशल नेतृत्व में संगठन निरंतर मजबूत हो रहा है वे सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलते हैं तथा कार्य विभाजन कर सभी को संगठन के काम में लगाए रखते हैं। अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व राज्य सभा सांसद कृष्ण पंवार भी हरियाणा की राजनीति के अनुभवी व संघर्षशील नेता हैं प्रदेश के हर वर्ग के साथ उनका गहरा जुड़ाव है। बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि एक बार फिर मनोहर सरकार ने स्वच्छता के प्रति अपनी वचनबद्धता दिखाई है। सरकार ने इस बार टैक्स फ्री बजट देकर प्रदेशवासियों को एक नायाब तोहफा दिया है।

स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चन्द्र।

देश को करें भाजपा मुक्त : सुमिता सिंह

करनाल/डॉ हरीश चावला : पूर्व विधायक सुमिता सिंह ने कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत पृथ्वी विहार में कार्यकर्ताओं के साथ पदयात्रा निकाली। इस मौके पर पूर्व विधायक सुमिता सिंह ने कहा कि जो बजट हरियाणा सरकार ने पेश किया यह बजट किसान, मजदूर ,कर्मचारी, छोटे व्यापारी, ग्रामीण, शहरी, गरीब मध्यमवर्ग, युवा और महिलाएं विरोधी है सरकार ने हर वर्ग को खाली हाथ छोड़ दिया है।

करनाल में कांग्रेस का प्रचार करती पूर्व विधायक सुमिता सिंह।

यात्रा के दौरान लोगों से सीधा संवाद किया। महिलाओं से बातचीत करते हुए सुमिता सिंह ने कहा कि कांग्रेस के शासन में महिलाओं को सुरक्षा मिल सकती है। भाजपा सरकार भले ही बेटी बचाने बेटी पढ़ाने का नारा देती रही है, मगर महिलाओं पर सबसे ज्यादा अत्याचार इसी सरकार में हुए हैं। हरियाणा में क्राइम का ग्राफ सबसे उपर आ गया है।पूर्व विधायक सुमिता सिंह ने कहा कि मोदी और मनोहर सरकार ने युवाओं को रोजगार देने का वादा कर वोट लिए थे। खेद की बात है कि अब ये सरकारें युवाओं से नौकरी छीनने का काम कर रही है। सभी विभागों में छंटनी की जा रही है। नया रोजगार उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा सफल रही। इसके बाद राहुल गांधी का आभार पत्र जन-जन तक पहुंचाने के लिए हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुरू किया गया है। इस दौरान भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस द्वारा जारी चार्जशीट को घर-घर पहुंचाया जाएगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया है कि कांग्रेस के हाथ से हाथ मिलाकर देश को भाजपा सरकार से मुक्त करवाने का काम करें। इस पदयात्रा में शामिल विनोद, रंजिश मलिक,दिनेश, बॉबी निशांत ,संतोष कुमार, बलवान, रोहतास ,मेजर सिंह, सुभाष ,राजपाल,कश्मीर सिंह, हर्ष, मिता संधू, अमन, मनजीत ,मोनू कश्यप इत्यादि शामिल थे।

बजट में शिक्षा, स्वास्थ, किसानों, मिडिल क्लास व गरीबों के लिए कुछ भी नहीं : सुखबीर

पानीपत/कौशिक : आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सुखबीर सिंह मलिक ने हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री मनोहर लाल द्वारा आज पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ये बजट किसान, मजदूर, कर्मचारी, छोटा व्यापारी, ग्रामीण, शहरी, गरीब, मध्यम वर्ग, युवा और गृहणी विरोधी है। सुखबीर मलिक ने कहा कि बजट ने हर वर्ग को खाली हाथ छोड़ दिया है। इतनी बढ़ती हुई महंगाई में अगर सरकार मूलभूत सुविधाओं के लिए कुछ धन सुरक्षित करती और लोगों को सहूलियत देती तो काफी अच्छा रहता परंतु यह सरकार जनता की परेशानियों से वाकिफ नहीं है। सरकार बजट को सिर्फ औपचारिकता समझती है। वह इसमें किए गए वादों को लागू करने बारे कभी गंभीरता नहीं दिखाती। सुखबीर मलिक ने कहा कि सरकार ने शिक्षा पर 20.340 करोड़ रुपए खर्च करने का ऐलान किया है जो कि जीडीपी का महज 2 प्रतिशत है। जबकि नई शिक्षा नीति 6 प्रतिशत खर्च करने की सिफारिश करती है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने शिक्षा का बजट अपनी जीडीपी से 25 परसेंट रखा है। केंद्र द्वारा एमएसपी कमेटी का गठन पर हरियाणा सरकार का यह रवैया उसकी किसान और कृषि विरोधी नीति को दर्शाता है।

आईबी कालेज के दो विद्यार्थी रहे नृत्य में प्रथम

नृत्य में कालेज का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थी।

पानीपत/कौशिक : पाइट मेटोस के अन्तर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र अक्षित एवं सागर ने अपना युगल नृत्य प्रस्तुत किया। जिसमें हरियाणा की संस्कृति के बहिरंग को नृत्य के माध्यम से उकेरा गया। उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने महाविद्यालय का नाम रोशन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ.अजय गर्ग ने कहा कि आज के इस आपादापी के माहौल में नृत्य और संगीत हमें अवसाद, अकेलेपन, निराशा से दूर रखने का अहम् कार्य करता है। अतः हमें उत्साह के साथ अपनी प्रतिभानुसार इस तरह के आयोजनों में अपनी भागीदारी दिखानी चाहिए। वहीं कार्यक्रम के प्रभारी डॉ.निधान सिंह ने दोनों छात्रों का उत्साहवर्द्धक करते हुए साधुवाद दिया।

प्रदेश की नई दिशा व दशा तय करेगा बजट : हरविन्द्र कल्याण

कहा, बजट में समाज के हर वर्ग के हितों का ध्यान रखा गया

करनाल/डा. हरीश चावला : घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा पेश किया गया आम बजट जन हितैषी है। इस बजट में समाज के हर वर्ग किसान, मजदूर, महिलाओं, व्यापारी के हितों का ध्यान रखा गया है। निसंदेह यह बजट प्रदेश की नई दिशा और दशा तय करेगा। विधायक ने वर्ष 2023-24 के बजट का स्वागत किया और मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार प्रकट किया। विधायक ने कहा कि आम बजट में चिरायु-आयुष्मान भारत का लाभ उन सभी परिवारों तक पहुंचाने का प्रस्ताव रखा गया है जिनकी पी.पी.पी. में वार्षिक सत्यापित आय 1.80 लाख रुपये से 3 लाख रुपये तक है। इन परिवारों को सूचीबद्ध किसी भी अस्पताल में 5 लाख रुपये का चिकित्सा उपचार का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी सहायिकाओं, आशा कार्यकर्ताओं, चौकीदारों, मध्याह्न भोजन कार्यकर्ताओं, ग्रामीण सफाई कर्मचारियों और ऐसे अन्य कार्यकर्ताओं और नंबरदारों के परिवारों को 125 रुपये प्रति माह के मामूली योगदान करने पर योजना का लाभ देने का प्रस्ताव पेश किया गया है। परिणामस्वरूप, अब राज्य की 54 प्रतिशत से अधिक आबादी को स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिल पाएगा। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण कार्यक्रम के तहत लाभार्थी परिवारों को मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत लाभार्थी परिवारों की संख्या दिसंबर, 2022 से पहले 26 लाख परिवारों से बढ़कर 31.59 लाख परिवारों तक पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवारों के लिए नए पीले कार्ड बनाने की प्रक्रिया परिवार पहचान पत्र से जोड़कर स्वचालित कर दी गई है। पहले पीले कार्ड हर दशक में एक बार बनाए जाते थे, परन्तु अब पीले कार्ड के लिए योग्यता हर महीने स्वचालित ढंग से निर्धारित की जाएगी। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान कराने में युवाओं की रोजगार क्षमता व कुशलता को बढ़ाना एक बड़ी चुनौती है।

जिला सचिवालय के समक्ष चौकीदारों का धरना

जिला सचिवालय के सामने धरना प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण चौकीदार।

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क
करनाल/आशुतोष गौतम

ग्रामीण चौकीदारों का धरना जिला सचिवालय के सामने नौ दिनों से जारी है। गुरुवार को धरने की अध्यक्षता मदन कालरा व हरिदयाल सिंह ने की व संचालन कलीराम और जवाहर सिंह ने किया। चौकीदारों के प्रतिनिधियों ने कहा कि चौकीदारों की लंबे समय से सरकार अनदेखी कर रही है। महंगाई की मार बढ़ती जा रही है, लेकिन सरकार चौकीदारों का वेतन नहीं बढ़ा रही। मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित रखा जा रहा है। सरकार ने चौकीदारों को ईपीएफ के साथ जोड़कर सराहनीय कदम किया, मगर खेद की बात है कि चौकीदारों का वेतन नहीं बढ़ाया गया। बजट में भी चौकीदारों की अनदेखी हुई है। चौकीदारों में सरकार के प्रति गुस्सा बढ़ता जा रहा है। संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने सरकार वे मांग की है कि ईपीएफ जल्द से जल्द लागू किया जाए। चौकीदारों के प्रतिनिधिमंडल से सरकार वार्ता कर समस्या का समाधान करे। न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए दिया जाए। सेवानिवृति पर चौकीदार को पांच लाख रुपए स मान राशि मिले। इस अवसर पर कृष्ण निर्माण, सतपाल सैनी, ओपी माटा, बलबीर लाठर, जगपाल, परवारा राम, कृष्ण कौल, कृष्ण दादरी, धर्मपाल फतेहाबाद, भगत सिंह, संजय व अनिल कुमार ने चौकीदारों को संबोधित किया।

आर्य कॉलेज में आज होगा प्रेरणा उत्सव नेशनल मीडिया फेस्टिवल का आयोजन

पानीपत/कौशिक : आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के जनसंचार विभाग द्वारा 25 फरवरी को प्रेरणा उत्सव 2023 नेशनल मीडिया फेस्टिवल का शानदार आयोजन महाविद्यालय के ओपी शिंगला सभागार व कॉन्फ्रेंस हॉल में होगा। इस उत्सव में पंजाब,चंडीगढ़, दिल्ली व हरियाणा के लगभग 20 से 25 विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय मीडिया फेस्टिवल में विभिन्न महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों से भाग लेने वाले प्रतिभागी न्यूज रीडिंग, आरजे हंट, फोटो कैप्शन राइटिंग, एड मैड शो, न्यूज रिपोर्टिंग, ऑन स्पॉट फोटोग्राफी, पेज मेकिंग और शॉर्ट मूवी में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के जनसंचार विभाग द्वारा मीडिया फेस्टिवल हर वर्ष आयोजित किया जाता है। पिछले लगभग 2 वर्षों से कोरोना काल के कारण मीडिया फेस्टिवल आयोजित नहीं किया जा सका था लेकिन इस बार मीडिया फेस्टिवल बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के शुभारंभ पर एपीआरओ पानीपत दीपक पराशर व पुरस्कार वितरण समरोह पर निदेशक जनसंचार विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र से डॉ. बिंदु शर्मा शिरकत करेंगे। जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.दिनेश कुमार ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों को नया सीखने का अवसर मिलता है। साथ ही विभिन्न महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी एक मंच पर एकत्रित होते हैं और अपने अपने अनुभव साझा करते हैं।

ICICI Home Finance

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया
शाखा कार्यालय: प्रथम मंजिल, विश्वकर्मा कॉम्पलैक्स, प्लॉट नं. 17/18, यशोदा अस्पताल के पीछे, कौशाम्बी, गाजियाबाद-201010

(नियम 8 (6) का परंतुक देखें)
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

सुरक्षीत (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षीत अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के निर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।

एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतु और ऋणदाता(ऋ) और ग्रांटर(ऋ) के विवरणों में मुद्रित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरड क्रेडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा **फिजीकल कब्जा 'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है'** और **'जो भी है वहां है'** के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

क्र. सं.	ऋणदाता (ऋ)/सह ऋणदाताओं/ ग्रांटरों/कानूनी वारिसों के नाम ऋण खाता नं.	सुरक्षित सम्पत्ति(ऋ) के साथ ऋणभार का विवरण यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित कीमत / जमा धरोहर राशि	जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय	नीलामी की तिथि एवं समय
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ)
1.	मोहम्मद सामी (ऋणदाता) नगमा बानो (सह-ऋणदाता) अपेक्षा बिल्ड होम प्रा. (सह-ऋणदाता)Loan Account No. LHNOD00000791030/ NHNOD00000736487	710 एवं 711, 7वीं मंजिल दैविका टॉवर प्लॉट नं. 4 ए एवं बी चंदर नगर गाजियाबाद गाजियाबाद उत्तर प्रदेश 201010	रु. 53,29,891/- 20, फरवरी 2023	रु. 30,24,000/- / रु. 3,02,400/-	13 मार्च 2023 को प्रातः 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	15 मार्च 2023 को सायं 02:00 बजे से सायं 03.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टेक** की वेबसाइट (**यूआरएल लिंक- https://BestAuctionDeal.com**) पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों को नोटिस **14 मार्च, 2023 तक सायं 5.00 बजे** से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, उत्तरी साईड, प्रथम मंजिल, विश्वकर्मा कॉम्पलैक्स, प्लॉट नं. 17/18, यशोदा अस्पताल के पीछे, कौशाम्बी, गाजियाबाद-201010** में बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) **14 मार्च 2023 सांय 4:00 बजे** से पहले जमा करना होगा।, कृपया ध्यान दें, यदि संभावित बोलीदाता उपर्युक्त समय के अनुसार अपना प्रस्ताव जमा करने में असमर्थ हैं तो निविदा दस्तावेजों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, उत्तरी साईड प्रथम मंजिल, विश्वकर्मा कॉम्पलैक्स, प्लॉट नं. 17/18, यशोदा अस्पताल के पीछे, कौशाम्बी, गाजियाबाद-201010 में 14 मार्च, 2023 को सायं 05.00 बजे से** पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) एक राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी'** के पक्ष में **गाजियाबाद** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 7021072869** या अन्य सेल मार्केटिंग पार्टनर **NexXen Solutions Private Limited** से संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें **https://www.icicihfc.com/**

तिथि: फरवरी 25, 2023
स्थान: गाजियाबाद

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

प्रतीकात्मक कब्जा सूचना

ICICI Home Finance

पंजीकृत कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक टॉवर्ज, बांद्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुंबई-400051
कॉरपोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई-400059
शाखा कार्यालय: प्रथम मंजिल, विश्वकर्मा कॉम्पलैक्स, प्लॉट नं. 17/18, यशोदा अस्पताल के पीछे, कौशाम्बी, गाजियाबाद-201010
शाखा कार्यालय: प्लॉट नं. 7, द्वितीय मंजिल, ब्लॉक-एन, सैक्टर-18, नोएडा, यूपी-201301

जैसा कि

निम्न जारी ऋणदाताओं पर जारी डिमांड सूचना सिक्योरिटी इंटरस्ट (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ी जाती धारा 13 (12) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और सिक्योरिटी इंटरस्ट अधिनियम 2002 की वित्तीय संपत्तियां और प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण, निर्माण के अन्तर्गत आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी अधोहस्ताक्षरी सूचना में जारी रकम की पुनः अदायगी करने के लिए उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए कहते हैं।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण और ऋणदाता सूचित रकम की पुनः अदायगी करने में यदि असफल रहता है तो अधोहस्ताक्षरी निम्न जारी तिथियों पर उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढ़े जाते उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अन्तर्गत उसके/उसकी प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्न निर्धारित सम्पत्ति का कब्जा करेंगे। विवरणों में ऋणदाता और सर्व साधारण को एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ डील करने वालों को सूचित किया जाता है कि आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के चार्ज के विषय पर सम्पत्ति के साथ कोई डीलिंग न की जाए।

क्र. सं.	ऋणदाता/सह-ऋणदाता का नाम/ऋण खाता संख्या	सम्पत्ति का विवरण/ कब्जा की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में रकम (रु.)	शाखा का नाम
1.	अनूप सिन्हा (ऋणदाता), LHGHZ00001404995.	मकान नं. 801 802 बी न्याय खंड 2 इंदिरापुरम इंदिरापुरम 1 गाजियाबाद-201001. सीमा: उत्तर-12 फीट रास्ता, दक्षिण-मकान नं. 799बी, पूर्व-18 फीट रास्ता, पश्चिम-मकान नं. 803 बी एवं 804 बी/कब्जे की तिथि-22-फरवरी-2023.	10.11.2022 रु. 18,44,715/-	गाजियाबाद -बी
2.	मुकेश कुमार शर्मा (ऋणदाता), NHNOD00000730888.	बी-5 सैक्टर-53 नोएडा नोएडा उत्तर प्रदेश-201301, सीमा: उत्तर-रोड, दक्षिण-अन्य सम्पत्ति, पूर्व-बी-5, पश्चिम-बी-4,/कब्जे की तिथि-22-फरवरी-2023.	10.11.2022 रु. 12,60,170/-	नोएडा -बी

उपरोक्त जारी ऋणदाताओं (ऋ)/जमानतदार(ऋ) सिक्योरिटी इंटरस्ट (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियमों 8 और 9 के अन्तर्गत प्रावधानों अनुसार इस सूचना की विज्ञप्ति की तिथि से 30 दिनों की समाप्ति पर बिक्री गिरवी सम्पत्तियों की रकम की पुनः अदाय